क्रमांक–75

# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## <u>पत्रक भाग–दो</u>

## मंगलवार, दिनांक 3 जनवरी, 2023 (पौष 13, 1944)

### सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति में रिक्त हुए एक–स्थान पर सदस्य का निर्वाचन

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के निर्वाचन के लिये निम्नानुसार निर्वाचन कार्यक्रम की अनुमति प्रदान की गई है:–

1. नाम निर्देशन प्रपत्र विधानसभा सचिवालय में **मंगलवार, दिनांक 3 जनवरी, 2023** को अपरान्ह् 4.00 बजे तक दिये जा सकते हैं।

2. नाम निर्देशन प्रपत्रों की संवीक्षा **मंगलवार, दिनांक 3 जनवरी, 2023** को अपरान्ह् 5:00 बजे से विधान सभा भवन स्थित समिति कक्ष क्रमांक – दो में होगी।

3. उम्मीदवारी से नाम वापस लेने की सूचना **बुधवार, दिनांक 4 जनवरी, 2023** को अपरान्ह् 1:00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दी जा सकती है।

4. निर्वाचन यदि आवश्यक हुआ तो मतदान **गुरूवार, दिनांक 5 जनवरी, 2023** को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह् 4.00 बजे तक विधान सभा भवन स्थित समिति कक्ष क्रमांक – 2 में होगा।

निर्वाचन आनुपातिक प्रतिनिधित्व के सिद्धात के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा किया जायेगा।

उपर्युक्त , निर्वाचनों में अभ्यर्थियों के नाम प्रस्तावित करने के प्रपत्र एवं नाम वापस लेने की सूचना देने के प्रपत्र विधान सभा सचिवालय स्थित **"सूचना कार्यालय"** से प्राप्त किये जा सकते हैं।

**दिनेश शर्मा**
**सचिव**
**छत्तीसगढ़ विधान सभा**